हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 मई 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 वृद्धाश्रम पहुंचे सक्षम जन फाउंडेशन के सदस्य, दिया जरूरत का...



10 लोस चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान मतदान के ...





## खबर संक्षेप

### बोलेरो से सामान पार

**भिलाई।** घर के सामने खडी बोलरे से सामान पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 37 शीतला मंदिर के सामने कैम्प 2 निवासी नरेन्द्र वाडेकर पुराना स्क्रैप टायर, ट्यूब फेरीकर खरीदी बेचने का काम करता है। 14 मई को पुराना स्क्रैप टायर, टयूब फेरी कर खरीदकर अपनी बोलेरो महेन्द्रा पिकअप वाहन के पीछे में रखा हुआ था। वाहन को अपने घर के सामने ही रखा हुआ था। अगले दिन सुबह 4 बजे उठकर पीडित ने चेक किया तो अज्ञात ने पुराना टायर, स्टेपनी 5 नग, पुराना टायर 709 गाडी चोरी हो गया।

### ब्लेड से वार कर हत्या का प्रयास, सात साल की सजा

**भिलाई।** ब्लेड से हमला कर हत्या का प्रयास मामले में जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी युवक को सात साल सश्रम कारावास की सजा दी है। एक हजार रुपए अर्थदंड भी देने होंगे। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। आरोपी युवक इंदिरा नगर सुपेला निवासी चंदन साहू पिता रामभरोसा साहू 20 साल है। एक अन्य आरोपी सुनील सोनवानी को कोर्ट ने बरी कर दिया है। घटना 13 नवंबर 2020 की है। इंदिरानगर सुपेला निवासी प्रार्थी लल्लाराम साहू अपने दोस्त के साथ मोटरसाइकिल में रात को अपने घर आ रहा था। तभी बोलबम किराना दुकान के पास भीड़ जमा थी। भीड़ को हटने के लिए कहा तो आरोपी युवक चंदन साहू के साथ विवाद हो गया। इस दौरान चंदन ने लल्लाराम के गले में ब्लेड से वार कर हत्या का प्रयास किया। बीचबचाव कर रहे युवक पुरूषोत्तम दास के अंगुली में भी चोटें आई।

### कलेक्टर ने किया बदमाश संतोष को जिलाबदर

**भिलाई।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा गुण्डा बदमाश संतोष झा के अपराधिक आचरण,प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने,आम जनता में अमन-चैन, कानून शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की वैधानिक प्रावधानों के अंतर्गत जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार चौहान टाउन, ए-2/24 जुनवानी निवासी संतोष झा को राजस्व जिला दुर्ग और सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद, धमतरी जिला की सीमाओं से एक सप्ताह के भीतर हटने और बाहर रहने को कहा गया है। बदमाश संतोष को इस तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के बिना अनुमति के प्रवेश मना है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपी के खिलाफ थाना दुर्ग में मार-पीट, लोगों को गंदी-गंदी गाली-गलौच कर लोगों को जान से मारने की धमकी, आसमाजिक तत्वों के साथ मिलकर मोहल्ले में अशांति, अव्यवस्था फैलाने को लेकर कई अपराध कायम है। आरोपी को न्यायालय द्वारा कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने पर उसके द्वारा जिला बदर प्रकरण से मुक्त किये जाने का निवेदन किया गया।

# तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य पर मौसम की मार, अधिकांश समितियों में खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को खराब मौसम का डर सताने लगा है। अधिकांश समितियों में तेंदूपत्ता की खरीदी प्रभावित हुई है। हालांकि हल्की बारिश होने से पत्ते बर्बाद होने की जानकारी नहीं है, लेकिन मौसम खराब होने और गुणवत्ताहीन पत्तों की आवक की आशंका को ध्यान में रखकर अधिकांश समितियों में खरीदी बंद कर दी गईं है। हालांकि, यह भी संभावना जताई जा रही है कि आगामी कुछ दिनों तक अंतिम दौर की खरीदी की जा सकती है। इस संबंध में बड़भूम समिति प्रबंधक जीएस उषारे ने बताया कि फड़ों में खरीदी के पत्तों को उलटाने और बोरों में भरने का काम जोरों पर चल रहा है। कुछ फड़ों में खरीदी प्रारम्भ है।

वनांचल क्षेत्रों में हरा सोना अर्थात तेंदूपत्ता की खरीदी की शुरुआत की गई थी। इसके तहत वन विभाग द्वारा जिले की 17 समितियों के माध्यम से 252 संग्रहण केन्द्रों से तेन्दूपत्ता की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक कुल 21170.785 मानक बोरा तेंदूपत्ते की खरीदी वन विभाग द्वारा की गई है, जो कुल खरीदी का 82.06 प्रतिशत है। बता दें कि प्रशासन द्वारा विभाग को 25800 मानक बोरा खरीदी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सबसे अधिक गैंजी समिति में तेंदूपत्ता की खरीदी की गई है।

### गुणवत्ताहीन पत्तों की आवक को देखते हुए कई समितियों में खरीदी बंद



#### फड़ों में संग्राहकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी

लघु वनोपज के तहत तेंदूपत्ता की खरीदी वनोपज समिति और ठेकेदार द्वारा की जा रही है। लेकिन संग्राहक परिवारों के लिए वन विभाग द्वारा खरीदी केंद्रों में छाया और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं होने की शिकायत आम है। इसके कारण संग्राहकों को धूप में रहकर घंटों इंतजार करना पड़ता है। वहीं, पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण भी उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है।

आयोजन : विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी के सात दिवसीय आवासीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ की बेटियों को अनुशासन के साथ दी जा रही सेवा, सुरक्षा व संस्कारों की शिक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी का सात दिवसीय आवासीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। इस वर्ग में छत्तीसगढ़ प्रांत के 7 विभागों व 12 जिलों से 300 बहनें शामिल हो रही हैं।

इस वर्ग में संगठन की प्रशिक्षित बहनों द्वारा आई हुई बेटियों को अनुशासन के साथ सेवा, सुरक्षा व संस्कार जैसे मूलमंत्रों की शिक्षा दी जा रही है। बेटियां बड़े ही जोश व उमंग के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं। विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी अखिल भारतीय धर्म प्रसार प्रचार प्रमुख कार्यक्षेत्र अजमेर उत्तरप्रदेश आंनद गोयल, प्रांत उपाध्यक्ष शिशुपाल राजपुत, मुख्य अतिथि समाजसेवी बालोद विकास श्रीश्रीमाल, सह मंत्री नंदुराम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता की प्रमुख उपस्थिति में पूजा-अर्चना के साथ वर्ग प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने वर्ग की पूरी जानकारी केंद्रीय पदाधिकारी के समक्ष रखी। केंद्रीय पदाधिकारी आंनद गोयल ने कहा कि हिंदू कभी हारे नहीं, जीतते रहे, संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ मुसलमानों की गाथा सुनाई गई, जिनका इतिहास सिर्फ 500 वर्षों का रहा। जबकि हमारे शूरवीरों का इतिहास सैकड़ों वर्षों का रहा है। हमारी बहनों ने जौहर किया, हमारे शरीर को कोई छू न सके, इसलिए बलिदान दिया। इतिहास को देखें तो राजपूतों का गौरवशाली इतिहास है। समाज की माताओं, बहनों की प्रेरणा से वीर युद्ध करते थे। देश में महारानी दुर्गावती ▶▶| शेष पेज 11 पर



#### सुबह 5 बजे योग व प्रार्थना के साथ शुरुआत

जिले में पहली बार वर्ग आयोजन होने से वर्ग में शामिल बहनों में बड़ा ही उत्साह है। सुबह 5 बजे से योग प्रार्थना के बाद दैनिक संगठन के कार्यक्रम व आत्मरक्षा के उपाय सीखने में बहनों में काफी जोश व जुनून बना हुआ है। इस वर्ग में प्रांत सह संयोजिका पूजा जैन, प्रीति दुबे, जिला मंत्री राज सोनी, जिला मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू, चौलेश देशमुख, बोधन भट्ट, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, जयंत साहू, पद्मिनी साहू, ममता यदु, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, शोभा साहू, रोहणी साहू, पंकज जैन, पूजा सोनी, पुनिता मिश्रा, जानकी यादव, नंदा पसीने, योगिता शर्मा, बेबी ओझा, संध्या अजेंद्र साहू, दुर्गादत्त मिश्रा, स्वेता राजपूत, कमल बजाज, राखी साहू सहित अन्य संगठन के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन राजिम विभाग विनीता शर्मा ने किया।

# बाइक की चोरी, बेचने व खरीदने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम माहुद अ में हुई मोटर साइकिल चोरी के मामले को सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी हुई मोटर सायकल को बरामद कर 2 आरोपियों को मोटर सायकल चोरी के मामले में धारा 379, 411 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

- माहुद अ में हुई बाइक चोरी मामले को सुलझाने में पुलिस को मिली सफलता

मामले में ग्राम माहुद अ निवासी प्रार्थी शेरसिंह ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अप्रैल 2024 को अपनी मोटर सायकल सीजी 07 एलएफ 8429 को अपने घर के आंगन में रखा था। रात लगभग 3 से 4 बजे के बीच नींद खुली तो बाइक वहां नहीं थी। आसपास पतासाजी करने के बाद जब बाइक नहीं मिली, तो उन्होंने थाना अर्जुन्दा में सूचना दी, जिस पर धारा 379 भादवि कामय कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी व चोरी गई मोटर सायकल की खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान मुखबीर से सूचना मिली है कि अर्जुन्दा शराब भट्ठी के पास एक व्यक्ति मोटर सायकल सीजी 07 एलएफ 8429 चला रहा है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची, जहां एक व्यक्ति उक्त बाइक पर बैठा था। पूछने पर उसने अपना नाम अर्जुन्दा ▶▶| शेष पेज 11 पर

स्टेट बैंक कियोस्क बैंकिंग जामगांव आर शाखा का मामला

# बिना अनुमति खाते से काट ली बीमा राशि, उपभोक्ता ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्टेट बैंक कियोस्क बैंकिंग जामगांव आर शाखा द्वारा उपभोक्ता को बिना जानकारी दिए तीन साल से प्रति वर्ष 436 रुपये बीमा राशि निकालने का मामला सामने आया है। उपभोक्ता वर्षों के अन्यत्र प्रवास के बाद जब बैंक में राशि निकालने पहुंचा, तो खाते में केवल 607 रूपए होने की जानकारी मिली। इस पर उन्होंने कियोस्क बैंकिंग के इस मनमाने रवैए पर नाराजगी जाहिर की। वहीं, स्टेट बैंक पाटन को इसकी जानकारी दी, तो सर्विस मैनेजर ने भी हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि उपभोक्ता द्वारा बीमा के लिए फार्म भरे जाने पर ही राशि कटती है। फार्म नहीं भरा है, तो राशि एकाउंट से नहीं काटी जाती। वहीं, वापसी के संबंध में हल पूछने पर उन्होंने फोन काट दिया।




#### जामगांव आर में स्टेट बैंक की शाखा जरूरी

स्टेट बैंक की शाखा खोले जाने की मांग जामगांव आर में लंबे समय से की जा रही है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत कियोस्क बैंकिंग स्टेट बैंक की प्रारंभ हुई। लोगों ने क्योस्क बैंक में खाते खुलवाना प्रारंभ किए। कियोस्क संचालन करने वाले जामगांव आर में बदलते रहे। लेकिन लोगों ने आवश्यकता अनुरूप छोटे-छोटे खातों का संचालन जारी रखा। लेकिन, कियोस्क बैंक शाखा वाले उपभोक्ता के एकाउंट से बीमा के नाम पर राशि निकालने लगे, तो उपभोक्ताओं का विश्वास घटना तय है।

#### स्टेट बैंक पाटन से मार्गदर्शन लिया जाएगा

कियोस्क बैंकिंग शाखा जामगांव आर संचालक संजय ने कहा कि उपभोक्ता की बिना मर्जी के बीमा राशि काटना गलत है। पहले के संचालक ने ऐसा किया होगा, तभी राशि कटना सतत जारी है। इस संबंध में स्टेट बैंक पाटन से मार्गदर्शन लिया जाएगा।

#### उपभोक्ता को पता नहीं चला और बैंक से निकलती रही राशि

कियोस्क द्वारा 25 जून 2022 से 16 मई 2024 तक के लिए जारी स्टेटमेंट में 25 जून 2022 को एकाउंट में 1895 रूपए थे। चूंकी उपभोक्ता अन्यत्र प्रवास पर रहे, इस बीच कोई लेन देन नहीं हुआ और एकाउंट में राशि बैंक वाले बीमा के नाम पर निकालते गए। इसकी भनक भी उपभोक्ता को नहीं लगी। जब गुरुवार को राशि निकालने पहुंचे, तब इसकी जानकारी हुई। उपभाक्ता ने इसकी शिकायत करने और इस संबंध में सलाह के लिए बैंक में फोन किया। इस पर सेवारत एक सक्रिय कर्मी ने कहा कि बैंक में आकर अपनी व्यथा बताएं। उपभोक्ता ने पूछा कि मेरी बिना मर्जी मेरे एकाउंट से राशि क्यों काटी गई। उन्होंने पूरी राशि वापस दिलाने की मांग की है।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# बारिश पूर्व कर लें मेंटनेंस कार्य : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विद्युत विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को विद्युत मेंटेनेंस का कार्य बारिश से पूर्व पूर्ण करने को कहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि आगामी कुछ दिनों में मानसून की शुरुआत हो जाएगी। उसके बाद आंधी-तूफान एवं बारिश की वजह से विद्युत लाइनों में व्यवधान पैदा होने की आशंका बनी रहती है। इसमें कमी लाने के लिए जहां-जहां जर्जर पोल हैं, उन्हें तत्काल बदलने की व्यवस्था करें। जहां पर विद्युत लाइन पर्याप्त ऊंचाई पर नहीं हैं, वहां पर आतिरिक्त पोल लगाएं। साथ ही ▶▶| शेष पेज 11 पर

- दुर्ग ग्रामीण विधायक ने विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश

#### कानून व्यवस्था दुरुस्त करने पर जोर



इसके साथ ही जिला पुलिस अधीक्षक व क्षेत्र के सभी थानादारों को क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न ग्रामों में दिन प्रति दिन कानून व्यवस्था बिगड़ने की शिकायत मिलती है। गांजा व शराब की अवैध बिक्री, जुआ-सट्टा, चोरी सहित अन्य अपराधों संबंधित विभिन्न शिकायत ▶▶| शेष पेज 11 पर

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है। 5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
6. **जो विद्यार्थी सत्र 2023-24 में 12वीं पास हुए है वह अपना आवेदन 12वीं के ऑनलाईन मार्कशीट लगाकर कर सकते है।**
7. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं। कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-10.06.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-15.06.2024 तक।**

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
............................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ............................ 2. पिता / पति ............................
3. जन्म तिथि अंकों में ............................ 4. वर्ग :- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ............................ पोस्ट ............................ तहसील ............................
थाना ............................ जिला ............................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ............................ मो. नं. 2 ............................ वाट्सअप नं. ............................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ............................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर

**खबर संक्षेप**

### डाटा हैंडलरों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** टीकाकरण से संबंधित जानकारियों को सुरक्षित तरीके से संग्रहित करने के लिए रायपुर एवं बिरगांव के शहरी इलाकों के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डाटा हैंडलरों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। जेएसई संस्थान के डाक्टर अंजम चटोराज, डाक्टर मैथिल पाटिल और जिला टीकाकरण डॉ. संजीव मेश्राम अधिकारियों ने उन्हें कार्य से संबंधित बारीकियां समझाई। आने वाले दिनों में टीकाकरण को लेकर विभिन्न अभियान राज्य स्तर पर संचालित किए जाने की तैयारी है।

### तीस जून तक थिसिस जमा करेंगे मेडिकल पीजी छात्र

**रायपुर।** एमडी-एमएस की पढ़ाई कर रहे छात्रों को 30 जून तक अपने थिसिस जमा करने का वक्त दिया गया है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा चिकित्सा स्नातकोत्तर की परीक्षाएं दिसंबर में संभावित है। विवि द्वारा इस संबंध में तमाम चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को पत्र प्रेषित किया गया है।

### टैंकरों में निजात का पोस्टर

**रायपुर।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे निजात अभियान के समर्थन में एचपीसीएल के पांच सौ टैंकरों में निजात का पोस्टर लगाया गया। पोस्टर लगाने का अभियान एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे से समाज के साथ परिवार का कितना बड़ा नुकसान होता है। निजात अभियान के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की।

### आपसी रंजिश के कारण मारपीट

**रायपुर।** आजाद चौक थाना में एक युवक ने दो अन्य युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक डिकेश सोनवानी ने गोलू तथा अतुल रगड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डिकेश ने पुलिस को बताया है कि आपसी रंजिश के कारण गोलू तथा अतुल ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की है।

### ट्रक ड्राइवर ने की मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक कार चालक ने एक ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक राजेश शर्मा ने ट्रक सीजी 04 एमएन 2465 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया है कि ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए उसकी कार को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। ट्रक ठीक से चलाने के लिए कहने पर ट्रक चालक ने राजेश के साथ मारपीट की।

### अरमान नाला की सफाई

**रायपुर।** निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन 3 क्षेत्र के अरमान नाला राजा तालाब में पोकलेन मशीन के माध्यम से कराई जा रही सफाई कार्य का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश पूर्व अरमान नाला क्षेत्र की सघन सफाई कराने जोन अधिकारियों को निर्देश दिए। ताकि जल भराव की समस्या बारिश के दौरान न आने पाये।

### बीसीजी का टीका लगाने ट्रेनिंग

**रायपुर।** जुलाई अथवा अगस्त माह से राज्य में 18 साल से अधिक आयु वालों को टीबी से बचाव के लिए बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। इसके लिए जिलों में मैदानी अमले को ट्रेनिंग देने का काम पूरा किया जा रहा है। पिछले दिनों रायपुर जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस मामले की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, सीपीएम, बीईटीओ, एसटीएस लैब टैक्नीशियन मौजूद थे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए आने वाले मितानीन का सहयोग लिया जाएगा। वैक्सीन लगाने के लिए टीबी के संभावित लक्षण के आधार पर लोगों की पहचान कर उन्हें निशुल्क वैक्सीन लगाया जाएगा। इसके लिए राज्य स्तर पर तैयारी की जाएगी।

# नहीं मिल रहे छात्र, अब ईवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कराएगा पत्रकारिता विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश का एकलौता पत्रकारिता विवि अब इवेंट मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस में एमएससी की पढ़ाई कराएगा। इसके लिए विवि द्वारा विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है। इन दो पाठ्यक्रमों के अलावा विवि आधा दर्जन अन्य पाठ्यक्रमों की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2024-25 से करने जा रहा है। इनमें पीजी डिप्लोमा इन कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन, एमए हेल्थ कम्यूनिकेशन, एमए टूरिज्म एडं ट्रेव्हल कम्यूनिकेशन, एमए रूरल एंड ट्राइबल कम्यूनिकेशन, एमए डिजिटल मीडिया, एमएससी इंफर्मेशन टेक्नोलॉजी भी शामिल है। इनमें से कुछ विषय मीडिया तथा पीआर से संबंधित हैं तथा शेष ट्रेव्हल, टूरिज्म तथा इवेंट सेक्टर से जुड़े हुए हैं।

■ नए सत्र के लिए आवेदन 16 मई से, मेरिट आधार पर प्रवेश

विवि द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, विवि में सत्र 2024-25 में स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन 16 मई से शुरू होंगे। इस बार भी मेरिट के आधार पर एडमिशन दिया जाएगा। छात्रों को प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.ktujm.ac.in में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन आज से प्रारंभ हो जाएंगे, लेकिन अंतिम तिथि की घोषणा अभी विवि द्वारा नहीं की गई है।

**परंपरागत पाठ्यक्रमों में कोशिशों के बाद भी नहीं मिल रहे हैं छात्र**

**रविवि में पहले ही**


जिन पाठ्यक्रमों की शुरुआत पत्रकारिता विवि में की जा रही है, उनमें से इवेंट मैनेजमेंट और एमएससी कंप्यूटर साइंस जैसे कई पाठ्यक्रम पं.रविशंकर शुक्ल विवि में पहले से ही संचालित हैं। नए पाठ्यक्रम में 40 से 60 सीटें हैं। सिलेबस सहित अन्य जानकारी विवि की वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।



**पत्रकारिता पाठ्यक्रमों से मोहभंग**

*पत्रकारिता विवि में स्नातक स्तर पर बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार), बीएससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, ग्राफिक्स और एनीमेशन) सहित पत्रकारिता संबंधित कई पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसी तरह से स्नातकोत्तर स्तर पर भी (एमए) जनसंचार, पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क सहित कई कोर्स संचालित हो रहे हैं। ये भी पाठ्यक्रम पत्रकारिता से संबंधित हैं। बीते कई सत्रों से इन पाठ्यक्रमों की सीटें नहीं भर पा रही हैं। पर्याप्त प्रचार-प्रसार किए जाने के बाद भी इन विषयों में छात्र दाखिला नहीं ले रहे हैं। इन विषयों के प्रति छात्रों का मोह भंग होते जा रहा है। अब विवि अन्य तरह के कोर्स प्रारंभ करने जा रहा है।*

## चार चरणों तक हिंदू और मुसलमान करने वाले हार के भय से बदल रहे बयान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, चार चरणों 379 सीटों के चुनाव हो चुके हैं। जनता ने मोदी विभाजनकारी एजेंडे को नकार दिया है। मोदी को पता चल चुका है कि उनकी सरकार वापस नहीं आ रही है। जनता, इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने मतदान कर रही है। कांग्रेस के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी हैं। देश के अगले प्रधानमंत्री राहुल गांधी ही बनेंगे। अब आखिरी के तीन चरणों में मोदी को यह बयान देने को मजबूर होना पड़ा है कि वह हिंदू-मुसलमान करने में भरोसा नहीं करते हैं, जबकि उनकी और भाजपा की पूरी राजनीति इसी के ईर्द-गिर्द घूमती है। उन्होंने कहा, देशभर में विपक्ष को ईडी, सीबीआई का भय दिखाने वाले प्रधानमंत्री मोदी सत्ता हाथ से जाने के भय से रोने को मजबूर हो गये हैं। यही जनता के वोट की ताकत है। निर्वाचित सरकारों को सत्ता और धन बल से गिराने वाले अपनी सरकार के जाने के डर से रोना शुरू कर चुके हैं। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर और राहुल गांधी सच और जनता की आवाज उठा कर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। देश में मोदी सरकार के खिलाफ एंटी इंकम्बेंसी है।

■ इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, राहुल होंगे पीएम-बैज

### अधिकारियों-कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त

# लोस चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान मतदान के 2 दिन बाद ही मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान के 2 दिन के बाद ही मानदेय राशि का भुगतान कर दिया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. गौरव सिंह ने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय की राशि का जल्द से जल्द भुगतान करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत प्रशासन ने मतदान के 2 दिन बाद ही डेढ़ करोड़ से अधिक मानदेय की राशि जारी कर चुनाव ड्यूटी में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। हालांकि मानदेय की राशि खातों में ट्रांसफर होने में 3 से 4 दिन लग गए। इधर मतदान के कुछ दिनों के बाद ही खातों में मानदेय की राशि मिलने पर अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है।

**चुनाव ड्यूटी मानदेय का भुगतान**

चुनाव ड्यूटी करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पद के अनुसार मानदेय तय है। इस बार जल्द से जल्द अधिकारियों-कर्मचारियों को मानदेय मिल जाए, इसके लिए मतदान के एक दिन बाद ही राशि जारी कर दी गई थी। सभी के खातों में ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है।
- **उमाशंकर बंदे,** जिला उप निर्वाचन अधिकारी रायपुर



**किसे कितना मिला मानदेय**

| | |
|---|---|
| सेक्टर अधिकारी | 7500 |
| पुलिस सेक्टर अधिकारी | 7500 |
| पीठासीन | 1200 |
| माइक्रो आब्जर्वर | 1200 |
| मतदान सहायक दल कर्मचारी | 900 |
| निगरानी दल कर्मचारी | 1000 |
| उड़नदस्ता दल | 1000 |

फाइल फोटो

**राशि ट्रांसफर करने छुट्टी के दिन भी खुला बैंक**

*लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर में 7 मई को मतदान हुआ था। मतदान के एक दिन यानी 9 मई गुरुवार को मानदेय की राशि जारी कर दी गई थी। इसके दूसरे दिन कई कर्मचारियों के खातों में मानदेय राशि ट्रांसफर की गई। इसके दूसरे दिन महीने का दूसरा शनिवार का अवकाश था, लेकिन अधिकारियों-कर्मचारियों को जल्द से जल्द मानदेय मिले, इसे प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने छुट्टी के दिन भी बैंक खुलवाया और मानदेय की राशि ट्रांसफर कराई। प्रशासन की इस पहल पर भी अधिकारियों-कर्मचारियों में खुशी व्याप्त है। नाम नहीं बताने की शर्त पर कुछ अधिकारी व कर्मचारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद मानदेय मिलने में कई हफ्ते लग गए थे। कईयों को तो फरवरी-मार्च तक मानदेय मिला है, लेकिन लोकसभा चुनाव का मानदेय कुछ दिनों के भीतर मिल गया है।*

**एक करोड़ 68 लाख से अधिक मानदेय राशि जारी**

*लोकसभा चुनाव में सेक्टर अधिकारियों से लेकर पोलिंग मतदान दलों में शामिल पीठासीन, सहायक कर्मचारी, होम पोस्टल बैलेट मतदान दल, मतदान सुविधा केंद्र, निगरानी दल, उड़नदस्ता दल, पुलिस सेक्टर अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वरों की ड्यूटी लगाई गई थी। इस तरह 11 सौ से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों की संख्या साढ़े सात हजार से अधिक है। मानदेय की राशि पद के अनुसार तय है। प्रशासन ने सभी को मानदेय जल्द से जल्द मिले, इसके लिए 1 करोड़ 68 लाख 88 हजार 50 रुपए की मानदेय राशि मतदान के एक दिन बाद ही जारी कर दी थी, जिसके बाद यह राशि दो से तीन दिन के भीतर अधिकारियों-कर्मचारियों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई।*

## एक्टिव केस शून्य होते ही कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग अघोषित बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कभी दहशत की वजह से बनने वाली कोरोना की नियमित रिपोर्टिंग अघोषित रूप से बंद कर दी गई है। बारह दिन पहले जब राज्य में एक्टिव केस शून्य हुआ, इसके बाद से इसका ब्योरा जारी नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अफसर भी यह मानने लगे हैं कि कोरोना की गंभीरता समाप्त होने के बाद अब इसकी जरूरत नहीं है। अन्य राज्यों में इसकी नियमित रिपोर्ट सार्वजनिक करने की प्रक्रिया काफी समय पहले बंद की जा चुकी है, मगर छत्तीसगढ़ में आला अधिकारियों के निर्देश पर इसे जारी रखा गया था। पिछले कुछ महीनों से इसकी आवश्यकता नहीं समझी जा रही थी। अफसरों का यह भी तर्क था कि कोरोना से बचाव के विभिन्न तरीके मिलने के बाद इसकी गंभीरता भी समाप्त हो चुकी है। अब कोरोना संक्रमण को सर्दी-खांसी अथवा बुखार से अधिक नहीं माना जाता। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अघोषित रूप से इसकी नियमित रिपोर्टिंग सार्वजनिक करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई है। विभागीय स्तर पर इसकी जानकारी रखी जा रही है। 3 मई को राज्य में कोरोना के एक्टिव सात मरीजों को स्वस्थ घोषित किया गया था।

■ बारह दिन से जारी नहीं हो रहा ब्योरा, अफसरों ने कहा- अब जरूरत नहीं

**सामान्य स्थिति**

कोरोना अब अन्य बीमारियों की तरह सामान्य स्थिति में आ चुका है। इससे बचाव के लिए विभिन्न तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी हो चुकी है।
- **डॉ. डीके तुर्रे,** उपसंचालक एवं प्रवक्ता, स्वास्थ्य विभाग

*ढेबर के बोल पीएम भी शहर की समस्या दूर नहीं कर सकते*

## भाजपा पार्षदों ने घेरा गांधी सदन महापौर से इस्तीफे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा पार्षद दल ने बुधवार गांधी सदन का घेराव करते हुए महापौर एजाज ढेबर से इस्तीफे की मांग की। गांधी सदन के मुख्य द्वार के सामने भाजपा पार्षदों ने दोपहर बाद नारेबाजी करते हुए महापौर मुर्दाबाद के नारे लगाये। भाजपा पार्षद महापौर के उस बयान को लेकर नाराज दिखे, जिसमें कहा गया कि नगर निगम में पानी, सफाई और बिजली की समस्या ऐसी है कि पीएम को भी बैठा देंगे, तो समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं होंगी। नगर निगम में ये समस्याएं खत्म हो जायेंगी, तो डिपार्टमेंट ही नहीं रहेगा।

नगरीय निकाय चुनाव से पहले राजधानी में महापौर के बयान पर बुधवार को बवाल मच गया। भाजपा पार्षदों ने महापौर के इस्तीफे की मांग को लेकर नगर निगम मुख्यालय का घेराव कर दिया। गांधी सदन के सामने भाजपा पार्षदों ने घंटों नारेबाजी की और महापौर के वक्तव्य को लेकर विरोध जताते रहे। महापौर एजाज ढेबर ने भाजपा पार्षद दल के हंगामे और इस्तीफे को लेकर कहा है, ये मुझसे 5 साल से इस्तीफा मांग रहे हैं। मैंने जो बयान दिया है, उसको गलत तरीके से पेश किया गया। मैं अपने उस वक्तव्य पर कायम हूं कि सफाई, पानी और लाइट की समस्या ऐसी है, जिसका 100 फीसदी समाधान नहीं हो सकता।

निगम मुख्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों में नगर निगम के उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वरिष्ठ भाजपा पार्षद डॉ. प्रमोद साहू, अमर बंसल, चंद्रपाल धनगर, भोलाराम साहू, दीपक जायसवाल, टेसू-नंदकिशोर साहू, रवि ध्रुव, सुमन-राम प्रजापति सहित अन्य भाजपा पार्षद शामिल रहे।

## गूगल मैप में रेटिंग तथा गैस एजेंसी दिलाने का झांसा देकर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र में गूगल मैप में रेटिंग तथा खम्हारडीह में गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर एक कारोबारी तथा एक महिला ने दो करोड़ 20 लाख 66 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ितों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक डीडीनगर आवासीय परिसर निवासी सत्यानंद शर्मा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्यानंद ने पुलिस को बताया है कि उसके पास पांच मई को अज्ञात नंबर से वाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने सत्यानंद को गूगल मैप पर स्टार रेटिंग देने का टास्क पूरा करने पर इनाम मिलने का झांसा दिया। सत्यानंद के मुताबिक टास्क पूरा करने के एवज में उसे इनाम मिला। इसके बाद बिजनेस टास्क पूरा करने का झांसा देकर जालसाज ने सत्यानंद से अपने अकाउंट में नौ लाख 66 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

■ घटना कबीर नगर तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र की




**गैस एजेंसी दिलाने का दिया था झांसा**

*खम्हारडीह थाना में सफायर ग्रीन निवासी सोनल सिंह जिंदल ने रतन मिश्रा तथा अन्य के खिलाफ दो करोड़ 11 लाख रुपए ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। सोनल ने पुलिस को बताया है कि वह बुटीक संचालक है। नया बिजनेस करने उसने अपने परिचित रतन से संपर्क किया। रतन ने अपने साथियों के साथ मिलकर गैस एजेंसी में मुनाफा मिलने की बात कह कर एजेंसी में पार्टनर बनाने का झांसा दिया। पार्टनर बनाने के नाम पर जालसाजों ने सोनल से वर्ष 2021-22 में 10 किस्तों में रकम हासिल की। लंबे समय तक एजेंसी का काम नहीं मिलने पर सोनल ने रतन से पैसे मांगे, तब रतन ने सोनल को पोस्ट डेटेड ब्लैंक चेक देकर कहा कि एजेंसी नहीं मिलने पर वह बैंक से रुपए निकाल सकती है। बैंक में सोनल ने चेक क्लीयरेंस के लिए लगाया, तो चेक बाउंस हो गया।*

## छग पॉवर कंपनी की कैशलेस स्वास्थ्य योजना से कर्मियों और पेंशनरों को मिली नई राह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में कैशलेस स्वास्थ्य योजना का अध्ययन करने आई मध्यप्रदेश व पंजाब की टीमों ने योजना की भरपूर सराहना की हैं तथा इसे अपनी-अपनी विद्युत कंपनियों में लागू करने की मंशा जताई है। छत्तीसगढ़ पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार, प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजेश कुमार शुक्ला की उपस्थिति में रायपुर स्थित मुख्यालय सेवा भवन डंगनिया में आयोजित बैठक में मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह ने इस योजना को कर्मचारी हित का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण माना। पंजाब पॉवर कार्पोरेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि इस योजना से उन्हें नई राह मिली है।

**पीपीटी के माध्यम से योजना की दी प्रस्तुति**

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार वर्मा तथा अतिरिक्त महाप्रबंधक विनोद कुमार अग्रवाल ने पीपीटी के माध्यम से योजना की प्रस्तुति दी। बैठक में मध्यप्रदेश व पंजाब स्टेट सेक्टर की सात पॉवर कंपनियों से आए अधिकारियों ने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम को बधाई दी। मध्यप्रदेश से आई टीम ने कहा कि यह मॉडल सुनियोजित तरीके से संचालित हो रहा है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों व पेंशनरों को मिलता देखना काफी सुखद है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मंजीत सिंह, पंजाब स्टेट पॉवर कार्पोरेशन से आए डीके गोयल, मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रतिनिधि अमित मेहरोलिया ने कहा कि कंपनी की ओर कर्मियों के लिए सामाजिक दायित्व का बेहतर उदाहरण है।

## काठमांडू में योगा कोच ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रथम अंतरराष्ट्रीय योगासन चैम्पियनशिप का आयोजन 11 मई से 13 मई के बीच भारत सरकार से मान्यता प्राप्त इंडियन यूथ स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा नेपाल की राजधानी काठमांडू में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत देश के अनेक राज्यों व देश विदेश से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य भारत देश से पंकज यादव ने भी हिस्सा लिया।

■ शहर आगमन पर किया गया स्वागत, दी गई बधाई

**अखबार बेचने का भी करते थे काम**

पंकज यादव अख़बार बेचकर लगातार संघर्ष करते हुए आगे बढ़े और उन्हें कई बार राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में स्वर्ण व रजत पदक प्राप्त किया है। अभी वह वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के योगा कोच व जज है। सुराना कॉलेज में योग विभाग में सहायक प्राध्यापक पद के रूप में पदस्थ है तथा स्माइल योग संस्थान के संचालक और श्री रावतपूरा सरकार विश्वविद्यालय नया रायपुर पीएचडी स्कॉलर है। सुराना कॉलेज की प्राचार्या पूजा मल्होत्रा, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अजय लांजेवार सर व रावतपुर सरकार विश्वविद्यालय योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर केवल राम चक्रधारी व स्माइल योग संस्थान के समस्त सदस्यों ने बधाइयां दी है।

**जिले में 151 राईस मिलर पंजीकृत, लेकिन कस्टम मिलिंग**

# मिलरों को 41 लाख क्विंटल का डीओ जारी, उठाव नहीं, सूख रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एकतरफ जहां जिले के मिलर कस्टम मिलिंग करने में रूचि नही दिखा रहे है, वही दूसरी तरफ दर्जनभर जिलो से भी धान उठाने के लिए डीओ जारी किया गया है। कस्टम मिलिंग की तरह मिलरों द्वारा अन्य जिलो से धान के उठाव में कोताही बरत रहे है। जिसके चलते समिति प्रबंधको को सूखत की चिंता सताने लगी है।

जानकारी अनुसार दूसरे जिलो से अब तक सवा दो लाख क्विंटल धान का उठाव नही हो पाया है। इस मामले में राज्य शासन द्वारा जिला प्रशासन को तत्काल धान उठाव कराने के निर्देश दिए गए है। जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के मिलरों को कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ गंडई छुईखदान, मोहला मानपुर चौकी, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, बिलासपुर और बलौदाबाजार के लिए 41 लाख क्विंटल धान उठाने डीओ जारी किया गया है। इसमें अब तक सवा दो लाख क्विंटल धान का उठाव नही किया गया है। जिसके चलते इन जिलो से लगातार उठाव के लिए दबाव बनाया जा रहा है। कस्टम मिलिंग के निर्देश में साफ उल्लेखनीय है कि, मार्च तक धान का उठाव हो जाना चाहिए। लेकिन अब तक उठाव नही होने से आगामी दिनों बारिश के चलते नुकसान का सामना करना पड सकता है।



**निर्देश दिए**

अन्य जिलो के लिए डीओ जारी किया गया है। शासन के निर्देश पर मिलरों को पन्द्रह दिन में उठाव के लिए सक्त निर्देश दिए गए है। अन्यथा कार्यवाही होगी।
- **सीपी दीपांकर,** खाद्य नियंत्रक

**भारत छाप योजना पर फोकस**

केन्द्र सरकार द्वारा बाजार में सस्ते दर पर चावल उपलब्ध कराने योजना लांच की गई है। जिसके तहत एफसीआई द्वारा मिलरों को बीस रूपए किलो में चावल उपलब्ध कराएगी। चावल की छंटाई यानि ब्रोकन अलग करने के बाद इसे पैकेट बनाकर बाजार में लोगों को 29 रूपए का (बीस किलो) का पैकेज तैयार कर बेचा जाएगा। सूत्रों ने बताया कि, एफसीआई द्वारा मिलरों को डीओ भी जारी कर दिया गया है। लेकिन जिला प्रशासन को अब तक जानकारी उपलब्ध नही हो पाई है। यही कारण है कि मिलर कस्टम मिलिंग को छोड भारत छाप चावल पर फोकस कर रहे है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने किया कला केंद्र का निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बुधवार को कला केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलाकारों से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कला केंद्र का उद्देश्य शहर के कलाकारों को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के इच्छुक लोगों को सीखने का मंच प्रदान करना है। विदित हो कि कला केंद्र में गायन, वादन, ड्राइंग, गिटार, बांसुरी, तबला, ड्रम आदि विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्र में रिकॉर्डिंग स्टूडियों भी है, जिसमें रिकॉर्डिंग की सुविधा है। कलेक्टर ने परिसर के पार्किंग स्थल और स्वीमिंग पूल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, रोजगार अधिकारी केदार पटेल, डिप्टी कलेक्टर अभिलाषा पैकरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### छाया और अनिला शिमला लोकसभा की ऑब्जर्वर नियुक्त




**रायपुर।** एआईसीसी ने पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा और पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को लोकसभा चुनाव के लिए हिमाचल प्रदेश में ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। एआईसीसी की ओर से जारी आदेश के अनुसार, छाया वर्मा को शिमला लोकसभा क्षेत्र में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया को शिमला लोकसभा क्षेत्र में ठियोग विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### योजनाएं बंद-बैंक खाता चालू वित्त विभाग ने मांगा हिसाब

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकार की कई ऐसी योजनाएं जो पूर्व में संचालित थीं, लेकिन अब बंद हो चुकी हैं, लेकिन इन योजनाओं से संबंधित बैंक खाते चालू हैं। सरकार के वित्त विभाग को यह जानकारी मिलने के बाद राज्य के सभी प्रमुख अधिकारियों को पत्र भेजकर बंद योजनाओं में रुकी राशि का ब्योरा देने के लिए कहा गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्त विभाग के संज्ञान में आया है कि पूर्व में संचालित लेकिन वर्तमान में बंद विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त राशि के विरुद्ध अव्यतित राशि बैंक खातों में शेष में उपलब्ध हैं। उनका संधान अभी राज्य एवं मैदानी कार्यालयों द्वारा किया जा रहा है। विभागों से कहा गया है कि वर्तमान में बंद योजनाओं के विरुद्ध बैंक खातों में शेष अव्यतित राशि तत्काल प्रभाव से राज्य शासन के खाते में जमा कराएं।

# दिव्यांगजनों पर सरकार मेहरबान, अब नौकरी देने के लिए वित्त विभाग की अनुमति नहीं लेनी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के दिव्यांगजनों पर मेहरबान है। सरकार के वित्त विभाग ने एक ताजा आदेश में साफ किया है कि दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों के बैकलॉग की पूर्ति के लिए विभागों द्वारा विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए अब वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव ने इस संबंध में एक आदेश शासन के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागायुक्त,सभी विभागाध्यक्ष और सभी कलेक्टरों के लिए जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि दिव्यांगों के लिए विशेष भर्ती अभियान के लिए यह शिथिलता 31 मार्च 2025 तक के लिए लागू रहेगी।

### 10 मई के आदेश में वित्त विभाग की अनुमति अनिवार्य थी



#### इसलिए जारी हुआ आदेश

दरअसल सरकार के वित्त विभाग ने पांच दिन पहले ही 10 मई को एक आदेश जारी किया था। इस आदेश में कहा गया था कि लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले सीधी भर्ती के रिक्त पदों एवं अनुकंपा नियुक्ति के पदों को छोड़कर शेश सभी सीधी भर्ती के खाली पदों को भरने के पहले वित्त विभाग की अनुमति प्राप्त करने के निर्देश हैं। इस संबंध में वित्त वर्ष 2024-25 से लोकसेवा आयोग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली संयुक्त राज्य सेवा परीक्षा में शामिल पदों को छोड़कर विभागों में राज्य लोकसेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले अन्य पगों पर भर्ती शुरु करने के पहले वित्त विभाग की अनुमति आवश्यक होगी।

#### विचार के बाद बदला आदेश

वित्त विभाग ने इसी मामले को लेकर 14 मई को एक और आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि पूर्व में जारी निर्देशों में आंशिक शिथिलीकरण करते हुए दिव्यांगजनों के लिए खाली पदों के बैकलॉग पदों की पूर्ति के लिए विभागों के विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्तियों के लिए वित्त विभाग की पूर्व अनुमति की आवश्यकता को समाप्त किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इस फैसले के साथ सरकार राज्य के दिव्यांगों पर मेहरबान हुई है।

## परिणाम : प्राचार्य ने घर जाकर बच्ची को खिलाई मिठाई, दी बधाई

# सीबीएसई की 10वीं कक्षा में फागुन्दाह स्कूल की पद्मिनी ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फागुन्दाह का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी सूरज गोपाल गंगबेर ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से कक्षा 10 वीं में पद्मनी शांडिल्य ने गणित एवं सामाजिक विज्ञान में 100 में से 100 अंक प्राप्त करते हुए सीबीएसई की मेरिट सूची में 98 प्रतिशत अंकों के साथ 5 वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रागिनी साहू ने 96.17 प्रतिशत द्वितीय, चंचल विश्वकर्मा 95.5प्रतिशत तृतीय, किरण साहू 93.83 प्रतिशत चतुर्थ एवं विपिन कुमार 88.6 प्रतिशत ने पंचम स्थान प्राप्त किया है।



इस वर्ष कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 94.59 प्रतिशत रहा। कुल 74 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें प्रथम श्रेणी में 39 द्वितीय श्रेणी में 31 कुल 70 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं से कुल 49 में से 48 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 43 एवं द्वितीय श्रेणी में 5 विद्यार्थी रहे। कक्षा 12वीं से विद्यालय स्तर पर प्रथम मोनिका साहू 87 प्रतिशत, द्वितीय अनिता यादव 86 प्रतिशत, तृतीय प्रियांशी साहू 85.2 प्रतिशत, चतुर्थ टोकेंद्र कुमार 82.8 प्रतिशत, पंचम अंजली साहू 80.8 प्रतिशत रही।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड परीक्षा में मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त करने वाली पद्मिनी शांडिल्य के घर पहुंच कर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक ने मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा, वरिष्ठ व्याख्याता डीके साहू, एसजी गंगबेर, जेके शर्मा, जीपी बारले, टीआर पटेल, केके ठाकुर, एमएस पैकरा, आरके गुरुपंच, एचएल ध्रुव, टीनू कमलवंशी, वायके पटेल, एनके साहू, वायके साहू, लालिमा नागवंशी ,प्रमोद मंडावी, मो.सरफराज मालिक, आकांक्षा गर्ग, शोभराय, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं सभी सदस्य, संकुल के शिक्षक प्रमुख हैं।

### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए लॉटरी से किया गया बच्चों का चयन

**जामगांव आर।** शिक्षा सत्र 2024—25 के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जामगांव आर में कक्षा एक के लिए 50 सीट एवं अन्य कक्षाओं में प्रवेश के लिए लॉटरी सिस्टम से बच्चों का चयन किया गया। विकासखंड पाटन के शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार महिलांगे, विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई, संकुल समन्वयक रूपेश कुमार साहू संस्था से सेवानिवृत व्याख्याता रोमन साहू स्टाफ के समस्त शिक्षक साथी एवं पालकगण उपस्थित रहे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन की आरक्षण नीति अंतर्गत बीपीएल, महतारी दुलार योजना व 50 प्रतिशत बालिका आरक्षण के लिए लॉटरी सिस्टम से बच्चों का चयन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि 15 से 31 मई तक विद्यालय में समर कैंप का आयोजन सुबह 6:30 से 8:30 तक किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की प्रतिभा निकालने के लिए योग, ड्राइंग, खेल, सहित अन्य गतिविधियां कराई जा रही हैं।



### मुख्यमंत्री साय से लाल निवेंद्र सिंह ने की मुलाकात




**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके रायपुर स्थित निवास में डौंडीलोहारा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. लाल महेंद्र सिंह टेकाम एवं नीलिमा टेकाम के सुपुत्र विधानसभा समन्वयक युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की राजनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की। श्री साय ने युवराज निवेंद्र को क्षेत्र में सक्रिय रहने की सलाह दी। वहीं, श्री टेकाम ने नगर में उनके माता—पिता के विधायकी कार्यकाल 2003 से उठाए गए मुद्दे पर नगर के खरखरा से पेयजल व्यवस्था बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय का आभार जताया। श्री टेकाम के साथ जयदीप गुप्ता, निखिल शर्मा, प्रणव साहू, अंगद टेकाम भी उपस्थित थे।

### गंजईडीह में सामूहिक रूप से रचाया पुतरा-पुतरी का विवाह

**डौंडीलोहारा।** ब्लाक मुख्यालय स्थित खरखरा जलाशय के निकटवर्ती ग्राम गंजईडीह में बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा अक्ति पर्व पर पुतरा-पुतरी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं का भरपूर सहयोग मिला।



# महादेव सट्टा एप संचालित करने डेढ़ सौ बैंक अकाउंट खुलवाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन महादेव सट्टा एप संचालित करने बैंक में काउंट खुलवाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने पुलिस को बताया है कि ऑनलाइन सट्टा संचालित करने अब तक डेढ़ सौ बैंक अकाउंट खुलवाए हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने छह मोबाइल फोन तथा एक बैंक अकाउंट जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक सट्टा संचालित करने बैंक अकाउंट खुलवाने के आरोप में महेश तांडी, भिलाई निवासी राहुल कुमार देवांगन तथा ई. शंकर राव को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि अकाउंट खुलवाने के एवज में उन्हें पांच हजार रुपए मिलते थे। इसके साथ ही जिन लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाते थे, उन्हें दो से तीन हजार रुपए दिए जाते थे।

- अकाउंट खुलवाने मिलते थे पांच हजार रुपए
- गिरफ्तार आरोपियों में दो भिलाई तथा एक रायपुर निवासी



#### सेविंग अकाउंट में मिलते थे 40 हजार

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि नरेंद्र को जो बैंक अकाउंट उपलब्ध कराते थे, नरेंद्र को उस बैंक अकाउंट में करंट तथा सेविंग अकाउंट की अलग-अलग कीमत मिलती थी। करंट अकाउंट के एवज में नरेंद्र को 40 तथा सेविंग अकाउंट के एवज में 20 हजार रुपए मिलते थे। उसी आधार पर नरेंद्र उन्हें अकाउंट उपलब्ध कराने के एवज में पांच हजार तथा खाता धारक को पैसे देता था।

#### ओडिशा के रास्ते देशभर में अकाउंट का उपयोग

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि उन लोगों ने जिन लोगों के नाम से बैंक अकाउंट खुलवाया है, उन बैंक अकाउंट्स को ओडिशा के किसी नरेंद्र निहाल को उपलब्ध कराते थे। नरेंद्र के पास बैंक अकाउंट के साथ अकाउंट्स से जुड़े अन्य दस्तावेज चेक, एटीएम सहित अन्य जानकारी नरेंद्र के पास भेज देते थे। इसके बाद नरेंद्र प्राप्त बैंक अकाउंट्स को दिल्ली, मुंबई, पुणे में बैठे सटोरियों तक पहुंचाने का काम करता था।

### गनियारी हत्याकांड की फिर होगी रि ओपनिंग

**भिलाई।** गनियारी हत्याकांड को पुलिस दोबारा री ओपनिंग कर जांच में जुट गई है। हत्याकांड को करीब ढाई माह बीत गया है लेकिन पुलिस को सफलता हासिल नही हो पाई है। पुलगांव थाना क्षेत्र की यह घटना है। आरोपियों के बारे में जानकारी देने वालो के नाम पर आईजी ने 25 हज़ार रुपये का भी इनाम की घोषणा की गई है। फिर भी अंधे क़त्ल का राज दफन हो गया है। उल्लेखनीय है कि 7 मार्च को प्रार्थी केशव राम साहू पिता अर्जुन साहू ने पुलगांव थाना में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्राम गनियारी मे परिवार सहित रहता है। 6 मार्च की रात को प्रार्थी अपने घर से अपनी मां के घर में आकर गाय बैल को कोठा में बांध दिया था। इसके बाद वह घर जाकर सो गया था। 7 मार्च की सुबह 5:00 बजे रोजाना की तरह गाय बैल को बाहर निकालने आया तब बरामदे में उसने लाइट जलाया। जब उजाला हुआ तो उसने देखा पानी की टंकी के पास काफी मात्रा में खून पड़ा हुआ है। उसने तुरंत घर जाकर अपने बड़े भाई निर्मल साहू एवं परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जब परिवार वाले घर पहुंचे तो देखख कि श्रीमती राजबती साहू एवं सविता साहू का रक्त रंजित शव पड़ा हुआ था।

# महापौर के बयान पर सियासत, भाजपा बोली- जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रहे तो पद छोड़ें

**महापौर जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने से मुंह चुराने का काम कर रहे : सोनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के महापौर एजाज ढेबर के उस बयान को गैर जिम्मेदाराना बताया है, जिसमें ढेबर ने कहा है कि रायपुर शहर की समस्याओं का निदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नहीं कर सकते और वार्डों में जो समस्याएं हैं, यह परेशानी हमेशा बनी रहेंगी।




बयान के बाद भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा, निर्वाचित महापौर ने पांच साल तक जनता के साथ अन्याय किया है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि का इस प्रकार से बयान अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। वो जिम्मेदारी नहीं संभाल पा रहे हैं, तो उन्हें पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। इधर भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने कहा, बड़े-बड़े वादे कर कांग्रेस की नगर सरकार जिस तरह नाकारा साबित हुई है, उसके बाद ढेबर अब जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने से मुंह चुराने का काम कर रहे हैं। दरअसल मेयर समेत तमाम कांग्रेसी नेता जमीनी समस्याओं और उनके सार्थक समाधान के उपायों से पूरी तरह दूर हैं और इसलिए पूरी कांग्रेस जन विश्वास खो चुकी है।

#### 5 साल केवल काली कमाई में लगे रहे

सुनील सोनी ने कहा, ढेबर समेत तमाम सियासी जुमलेबाज कांग्रेस नेताओं ने पिछले पांच वर्ष के अपने शासनकाल में केवल शराब कारोबारियों, रेत माफियाओं, जमीन माफियाओं, काली कमाई में लगे बिल्डर्स, घोटालेबाजों के हितों का ही संरक्षण करने और अपनी-अपनी तिजोरियां भरने में अपना सारा ध्यान केंद्रित कर रखा था। श्री सोनी ने कहा कि एक सामान्य आदमी की समस्याओं को जाना होता और उसके समाधान के ठोस उपायों पर ध्यान दिया होता, तो 'समस्या बनी रहेगी' जैसा बयान देने की नौबत नहीं आती।

### लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग में फागिंग

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर में मच्छरों के नियंत्रण के लिए बुधवार से एंटी लार्वा अभियान के साथ ही लाखेनगर, अमीनपारा, महादेवघाट मार्ग पर फागिंग कराई गई। 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर जनजागरूता अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही शहर की स्लम बस्तियों में मच्छर नियंत्रण के लिए टीम बनाकर फागिंग कराने की तैयारी की गई है। शहरवासियों को मच्छरों के डंक से बचाने नगर निगम प्रशासन 70 वार्डों में रुके हुये पानी वाली जगहों पर एंटी लार्वा और रिहाइशी इलाके में फागिंग करायेगा।

## पेज 9 के शेष

### छत्तीसगढ़ की बेटियों को ...

रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाएं हुईं। अंग्रेजों ने हमें लूटा, संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश की, लेकिन हमारा संघर्ष जारी रहा। गुरु रामदास गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह जी ने धर्म की रक्षा करने खालसा पंथ की स्थापना की, लेकिन कुछ लोगों ने हमें गलत शिक्षा दी कि मुसलमानों से लड़कर अंग्रेजों ने देश को गुलाम बनाया, जबकि अधिकतर भूमि व राज्य राजपूत राजा महाराजाओं के पास रहा है। इतिहास में बताया गया कि सुभाषचन्द्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, मंगल पांडे जैसे कई अन्य राष्ट्रभक्त फांसी के फंदे पर झूल गए। बड़ी संख्या में लोगों ने बलिदान दिया, तब हमें आजादी मिली है। श्री गोयल ने कहा कि इतिहास को देखें, तो लम्बे समय से अंग्रेजों ने धर्मांतरण किया, पर इस भारत भूमि के हमारे संत, महात्मा, महर्षि डटकर खड़े रहे व समय-समय पर धर्मांतरितों को वापस हिन्दू धर्म में लाया। वर्ग के दूसरे दिन विश्व हिंदू परिषद के जयपुर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक व विहिप के केंद्रीय मंत्री अखिल भारतीय सेवा प्रमुख दायित्व क्षेत्र दिल्ली अजय पारीख, रायपुर रवि गर्ग मुख्य अतिथि थे। उन्होंने बहनों को वर्ग का महत्त्व बताया व जीवन में इसके फायदे भी बताए।

### बाइक की चोरी, बेचने व ...

निवासी बलदेव मरकाम 29 साल बताया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने यह बाइक मारींबंगला थाना देवरी निवासी रिश्तेदार संदीप कुमार दीवरा 22 वर्ष से मात्र 3000 रूपए में खरीदा हूं। इस पर संदीप दीवरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि इस मोटर सायकल सीजी 07 एल.एफ. 8429 को ग्राम माहूद अ से चोरी कर अपने रिश्तेदार अर्जुन्दा निवासी बलदेव मरकाम को बेचा हूं। उसके बाद मोटर सायकल को बलदेव मरकाम के कब्जे से बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### बारिश पूर्व कर लें ...

जिन लाइनों में पेड़-पौधों या उनकी डंगाल के कारण विद्युत व्यवस्था में व्यवधान आने की संभावना रहती है, ऐसे स्थानों पर विशेष रूप से व्यवस्था करें। वहीं, ट्रांसफॉर्मर कट आउट केबल की जांच कर जहां आवश्यकता हो, वहां नए लगाकर सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति प्रदान करने की व्यवस्था करें।

### कानून व्यवस्था दुरुस्त ....

जनता द्वारा विधायक कार्यलय को प्राप्त होते रहते हैं। ग्रामीणों की शिकायत रहती है कि कई गावों में पुलिस पेट्रोलिंग टीम भी नहीं पहुंच पाती, स्कूलों में असामाजिक तत्वों द्वारा नशाखोरी एवं क्षति पहुंचाने की शिकायतें प्राप्त होती हैं। ऐसी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें और अपराधिक घटनाओं में शामिल दोषियों पर कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कानून व्यवस्था बनाए रखें।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### शिकसा के सदस्यों ने प्रेरक कथा के माध्यम से समाज को दिया संदेश

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में प्रेरक कथाओं के माध्यम से एक शिक्षाप्रद संदेश देने शिकसा प्रेरक कथा एक संदेश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन, विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हंसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना चन्द्र कुमार चन्द्रा व राजगीत हेमराज निषाद ने प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष टीकाराम सारथी हंसमुख, हर नारायण साहू, हेमराज निषाद, डॉ प्रमोद आदित्य, जनक सिन्हा, चन्द्र कुमार चन्द्रा, राजीव लोचन कश्यप, तारा बन्छोर, हरमन कुमार बघेल, रामकुमार पटेल, शिवकुमार अंगारे, माधुरी करसाल मधुरिमा, ओपी कौशिक रतनपुरिहा, हेमन्त कुमार साहू, रेखा पात्रे, नेहा उपाध्याय, ऋतंभरा कश्यप ने प्रेरक प्रसंग सुनाकर एक संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन ने प्रस्तुत किया।

### शिमला में रोहरु विधानसभा के ऑब्जर्वर बनाए गए विकास

**बालोद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा को फिर से एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।



कांग्रेस कमेटी ने विकास चोपड़ा को हिमाचल प्रदेश के शिमला लोकसभा चुनाव में रोहरु विधानसभा का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। ऑब्जर्वर नियुक्त होने के बाद अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। आपको बता दें कि इससे पहले भी विकास चोपड़ा को असम, उत्तरप्रदेश और पंजाब जैसे बड़े प्रदेशों में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान कई जिम्मेदारी सौंपी गई थी और उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते शीर्ष नेतृत्व में काम किए थे, यही वजह है कि अब एक बार फिर से उन्हें हिमाचल प्रदेश के शिमला लोकसभा क्षेत्र में ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस 25 को

**लाटाबोड़।** पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ का वार्षिक स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 25 मई को राजधानी रायपुर के समता कालोनी स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कालेज में किया गया है। जिलाध्यक्ष दीपक देवांगन ने बताया कि कार्यक्रम में पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं अलग अलग राज्यों के वरिष्ठ पत्रकारों, सामाजिक गतिविधियों से जुड़े प्रबुद्धजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन उपभोक्ता संरक्षण समिति, अधिवक्ता संघ, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा कोरोनाकाल के समय अपनी जान की परवाह किये बिना अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले वारियर्स सहित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विभिन्न संस्था प्रमुखों का सम्मान किया जाएगा।

कलेक्टर ने बालोद विकासखंड के विभिन्न गांवों में विकासकार्यों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# निर्धारित अवधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें निर्माण कार्य : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बालोद विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर वहाँ चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम देवीनवागांव में जल संग्रहण के लिए किए जा रहे डबरी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माणाधीन डबरी में पानी की उपलब्धता आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने कार्य में मजदूरों के उपस्थिति उपस्थिति पत्रक का भी अवलोकन किया। चंद्रवाल ने कार्य में उपस्थित मजदूरों से भी बातचीत कर उनके कार्य की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली।



### अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का किया अवलोकन

बुनकर सहकारी समिति के सचिव ने बताया कि बुनकर सहकारी समिति में कपड़ा बुनाई कार्य में प्रत्येक बुनकरों को 10 से 12 हजार तक की आमदनी हो जाती है। उसके बाद श्री चंद्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड नंबर 2 दशहरा तालाब के समीप स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एसएलआरएम सेंटर में सूखा कचरा के संग्रहण कार्य का अवलोकन भी किया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।




### बुनकर सहकारी समिति के निर्माणाधीन भवन का किया निरीक्षण

कलेक्टर चंद्रवाल ने ग्राम कोहंगाटोला में पहुँचकर माँ संतोषी बुनकर सहकारी समिति के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। चंद्रवाल ने निर्माणधीन भवन का अवलोकन कर अधिकारियों से कार्य के प्रगति के संबंध में भी जानकारी ली तथा मौके पर उपस्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपअभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीप में स्थित बुनकर भवन में पहुँचकर कपड़ा बुनाई के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने बुनकर सहकारी समिति के सचिव ओमप्रकाश देवांगन से कपड़ा बुनाई के कार्य में प्रति महिने प्रति व्यक्ति आमदनी के संबंध में जानकारी ली।

# मतगणना की तैयारियों में जुटा प्रशासन, अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना कार्य के लिए अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने उक्त

- अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्यों का निर्वहन करने के दिए निर्देश

संबंध में आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन समन्वय बनाकर करने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार मतगणना दल का गठन एवं नियुक्ति-मतगणना कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी की मतगणना सुपरवाईजर, मतगणना सहायक एवं माईक्रोआब्जर्वर की नियुक्ति, मतगणना दलों के रेण्डमाईजेशन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं डीडी पंचायत आकाश सोनी को सहायक अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जिला स्तर पर मतगणना दलों का प्रशिक्षण आयोजित करने मतगणना दलों का प्रशिक्षण तिथि एवं स्थान निर्धारित कर प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन को अवगत कराने एवं ड्यूटी आदेश जारी करने, प्रशिक्षण पूर्व प्रशिक्षण सामग्री प्राप्त करने, मतगणना दलों की उपस्थिति लेने एवं अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारी की जानकारी प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन को दिये जाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले एवं लेखराम साहू एपीसी समग्र शिक्षा बालोद को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह प्रशिक्षण केन्द्र में जलपान की व्यवस्था उपलब्ध कराने, मतगणना से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए पृथक-पृथक प्रशिक्षण के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण, मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति लेने का दायित्व भी श्री मरकले एवं श्री साहू को सौंपा गया है। प्रेक्षक एवं रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के लिए टेलीफोन, सोफा, टीवी, कम्प्यूटर सेट, स्कैनर, स्वल्पाहार, चाय, पानी, भोजन व्यवस्था, शमियाना, टेंट, मतगणना स्थल एवं मीडिया सेंटर, मोबाईल जमा सेंटर, चिकित्सा स्टाल, एवं मतगणना हाल एवं बाहर की बेरिकेटिंग आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एम. प्रसाद एवं अनुविभागीय अधिकारी एके नाथ को दायित्व सौंपा गया है।

बच्चों के लिए पेंटिंग, गायन, नृत्य, लेखन व खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

# गुंडरदेही संकुल क्षेत्र के विद्यालयों में 20 से 31 तक लगाए जाएंगे समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

संकुल गुंडरदेही क्षेत्र में 20 से 31 मई के बीच स्कूलों अथवा गांव या शहर के सामुदायिक भवन में समर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में बीआरसीसी प्रशिक्षण कक्ष गुण्डरदेही में सभी संकुल प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार यादव ने समर कैंप के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सभी प्रभारी प्राचार्यों एवं समन्वयकों को समर कैंप में बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयित करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत चित्रकारी, गायन, निबंध, कहानी लेखन हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, गांव अथवा



शहर का ऐतिहासिक परिचय जैसी गतिविधियां कराने को कहा गया है। बैठक के दौरान बताया गया कि समर कैंप के लिए पालक एवं शिक्षक समिति से सहमति अनिवार्य है। कैंप का समय प्रातः 7 से 9:30 बजे तक रहेगा। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों की सुरक्षा व सेहत का ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू एवं बीआरसीसी किशोर साहू सहित स्कूलों के प्राचार्य व समन्वयक उपस्थित थे।

# वृद्धाश्रम पहुंचे सक्षम जन फाउंडेशन के सदस्य, दिया जरूरत का सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्य पुलगांव दुर्ग वृद्धा आश्रम पहुंचे। वहां बुजुर्गों की सेवा करने के साथ ही गीत-संगीत का आयोजन कर उनके मनोरंजन की भी पहल की। प्रयास सक्षम जन फाऊंडेशन के सदस्य समय-समय पर वृद्धा आश्रम पहुंचते हैं और वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं। उनका डॉक्टर से चेकअप, दवाई, भोजन व्यवस्था सहित उनकी अन्य जरूरतों की जानकारी लेकर उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं।

वहीं, उनके साथ चर्चा कर उनके अनुभव, उनके विचार सुनते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते




हैं । सक्षम जन फाऊंडेशन ने दिव्यागों व बुजर्गों के सेवार्थ कार्य करते हुए अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। इसी कड़ी में संस्था की संरक्षिका राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित रजनी सुरेंद्र रजक संगीत रजक ने स्वर्गीय जीपी रजक की पुण्यतिथि पर सपरिवार वृद्धाश्रम पहुंचकर सेवा प्रदान की। इस अवसर पर उनकी पत्नी बीमाल रजक, पुत्री मालती सिंह, रजनी रजक, उपासना वैष्णव, पुत्र हरीश, सुरेंद्र, सुशील, सक्षम जन फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन सिंघल, उपाध्यक्ष शशांक जैन, सचिव हरिसिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष अरुण वर्मा संरक्षिका नीमा पनरिया, सुमन ठाकुर, आशा गुप्ता, पूजा, नीतू बंछोर, मोहन दास पनरीया, अरुण वर्मा लोकेश बिनोले रोहन बोधि गोटेकर सर्वेश गुप्ता अभिषेक जैन भी उपस्थित थे।

# समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर से मिलेंगे मनरेगा मेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मनरेगा मेट संघ जिला बालोद की बैठक सरयू प्रसाद स्टेडियम में रखी गई। बैठक में उपस्थित मेट ने अपनी विभिन्न समस्याओं को संघ के समक्ष रखा। इस दौरान समस्याओं के निराकरण के संबंध में कलेक्टर ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

- जिला मनरेगा मेट संघ की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय

बैठक के दौरान तय गिया गया कि प्रशिक्षित व पंजीकृत मेटों को एस्टीमेट के आधार पर मेट वाउचर से भुगतान करवाने के संबंध में सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित करने के लिए जिला पंचायत सीईओ को जिला मेट संघ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। संघ ने कहा कि मोबाइल मॉनिटरिंग में समस्या को देखते हुए प्रशिक्षण की आवश्यकता है और यह प्रशिक्षण विकास खंड स्तरीय होना चाहिए। इसके साथ ही मांग की गई है कि प्रशिक्षण के दौरान



प्रमाण पत्र प्रदान किया जाए। मनरेगा के कार्य को गुणवत्तापूर्ण संचालित करने के लिए मेट साथियों को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे उन्हें कार्य करने में सुविधा होगी। बैठक के दौरान यह बात भी सामने आई कि मनरेगा कार्य में मजदूरी भुगतान में कटौती की समस्या आ रही है, ऐसा नहीं होना चाहिए। कई पंचायत मनरेगा का कार्य बिना मेट के संचालित किया जा रहा है, इसकी वजह से कार्य में गुणवत्ता नहीं आ रही है। मेट अतिरिक्त समय देकर कार्य को संचालित करते हैं, फिर भी उनके मजदूरी में कटौती की जाएगी, जो गलत है। सभी मेटों को वाउचर से भुगतान किए जाने की मांग की गई है। संघ ने शासन प्रशासन से जिला मनरेगा मेट संघ जिला बालोद छत्तीसगढ़ की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए सभी जनपद पंचायतों आदेश जारी करने का आग्रह किया है।

बैठक में अध्यक्ष जिला मेंट संघ खिलावन साहू, संरक्षक सांवत राम साहू, संचालक प्रदेश मनरेगा मेंट संघ छग कीर्तन राम देवांगन, अध्यक्ष संभागीय मेंट संघ दुर्ग धनेश्वरी साहू, सचिव जिला मनरेगा मेंट संघ प्रीतम साहू, अध्यक्ष गुण्डरदेही नीता साहू, उपाध्यक्ष जिला मेंट संघ तोमिन मरकाम, उपाध्यक्ष जिला मेंट संघ लता सिन्हा, रामेश्वरी, खिलेश्वरी, शैलेंद्र ठाकुर, दीपक धृतलहरे, चतुर सिंग साहू, शिशुपाल यादव, गेश्वर नेताम, धनेश कुमार एवं अन्य मेंट शामिल रहे।

# हर्बल उत्पाद की बिक्री बढ़ाने हाट बाजार में लगाए जा रहे स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में वन विभाग द्वारा हर्बल उत्पाद की बिक्री को बढ़ाने व ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने

- वन समितियों के लिए स्टॉल की व्यवस्था कर रहा विभाग

का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए वन समितियों का मार्गदर्शन करने के साथ ही हाट बाजार में स्टाल लगाने की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे समितियों से सदस्यों को रोजगार के साथ आय का मजबूत आधार मिल रहा है।

लघु वनोपज के तहत विभिन्न प्रकार के सम्पदाओं की खरीदी वनोपज समितियों के माध्यम से की जाती है। इनमें प्रमुख रूप से



आंवला, हर्रा, बेहड़ा, चार चिरौंजी, इमली, महुआ सहित विभिन्न वन सम्पदा शामिल हैं। इन्हें वन समिति के माध्यम से खरीदी कर उनसे हर्बल प्रोडक्ट बनाया जाता है और वनोपज समिति द्वारा विभिन्न उत्पादन बनाकर बाजारों के माध्यम से बिक्री की जाती है।

वनोपज समिति के द्वारा हर्बल प्रोडक्ट के तहत वन सम्पदा की खरीदी कर हर्बल उत्पादन के तहत एलोवेरा से साबुन, जंगल से प्राप्त औषधि तेल, आंवला व महुआ के अचार, इमली चॉकलेट सहित अनेक वन सम्पदाओं की बिक्री हर्बल प्रोडक्ट के तहत की जा रही है। इसके लिए वन विभाग द्वारा वन प्रोडक्ट बेचने और उत्पाद के लिए वन समिति और समूह का चयन कर हर्बल उत्पाद और बिक्री का कार्य किया जा रहा है। इससे वनोपज समिति द्वारा बेचने का भी कार्य स्टाल लगाकर किया जा रहा है।

### स्टॉल में उपलब्ध कराए जा रहे विभिन्न उत्पाद

इसके तहत ग्राम नारागाँव बाजार में हर्बल प्रोडक्ट की दुकान वनोपज समिति द्वारा लगाई गई थी। इस दौरान वहां हर्बल प्रोडक्ट के तहत विभिन्न हर्बल उत्पाद की बिक्री स्टाल लगाकर की गई। जहाँ हर्बल प्रोडक्ट के तहत तेल, आंवला अचार, महुआ अचार, औषधि तेल सहित विभिन्न वनोपज उत्पाद की बिक्री की जा रही है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

# बाजार पहुंचा फलों का राजा आम



**बालोद।** फलों का राजा आम सड़कों पर खूब बिक रहा है। दशहरी, लंगड़ा, बैगन फली सहित विभिन्न किस्मों के आम की बिक्री जोरों से हो रही है।

बीते कुछ दिनों पूर्व खराब मौसम के बाद भी उच्च गुणवत्ता के आम बाजार में दिख रहे हैं। आम खाने के शौकीन इसे खरीदने दुकानों से लेकर फुटपाथ में जगह जगह बिक रहे आम की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, आचार डालने के लिए लोग आम को सैकड़ों की संख्या में खरीद रहे हैं। शहर में चुस्की आम 80 रुपये किलो, बैगन फल्ली 80, सुंदरी आम 100 रुपए किलो बिक रहा है। खरीदारों की मांग पर फल व्यापारी थोक में फल मंगाकर विभिन्न माध्यम से पका रहे हैं। वर्तमान में आम की शुरुआती आवक के कारण दाम बढ़ा हुआ है, आवक बढ़ने पर कीमत में कमी आएगी।

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411